सेवा में,

श्रीमान प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर,
जनपद न्यायालय, हरदोई।

विषय : **अनुवादित निर्णयों के बारे में जागरूकता और उनके उपयोगों को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में।**

माहेदय,

कृपया माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्याः–14727/SUVAS Cell, Allahabad/ Dated 14-11-2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से ग्रामीण समुदायों एवं स्वयं प्रतिनिधित्व करने वाले वादकारियों करते हुये अनुवादित निर्णयो के बारे में जागरूकता और उनके उपयोगों को बढ़ावा देने के लिये निर्देशित किया गया है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अनुवादित निर्णयों के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार कराये जाने हेतु सूचना तैयार की गयी है। जो निम्न है–

सूचना

आम–जनमानस को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों को माननीय न्यायालय की बेवसाइट **https://www2.allahabadhighcourt.in/misc/suvas/index.html/** पर हिन्दी में भी पढ़ा जा सकता है। यह एक निर्णय को हिन्दी में सर्च करने के लिये पोर्टल है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद और माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा जारी किये गये फैसलों और उनके हिन्दी अनुवाद का संग्रह है। इस पोर्टल की खास बात यह है कि इसमें एक मुफ्त सर्च इंजन है, जो सर्च बॉक्स में डाले गये कीवर्ड के आधार पर ओरिजिनल और उसके अनुवादित माध्यम दोनो फैसले खोजता है। जिसमें कई सारे फिल्टर उपलब्ध है। जो सर्च को और भी बेहतर बनाते है।

अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि उक्त सूचना जनपद न्यायालय की वेब साइट पर अपलोड किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

सादर।

दिनांक : 07.01.2026

भवदीय,

07/01

अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हरदोई।